(1) सत्रवार प्रस्तुत जानकारी में बचे आवेदन पत्रों को उसमें Carried forward/Brought forward का उल्लेख करते हुए शामिल किया जाय।
(2) वर्ष 2011–12 में जो जानकारी दी गई है, उसका पुनः परीक्षण आवश्यक है।
(3) इस अवधि में स्टॉक वेरीफिकेशन की जानकारी भी दिया जाय।
(4) प्रकरण पर स्थानीय निधि संपरीक्षा (लोकल फंड ऑडिट) द्वारा उल्लेखित आपत्ति के संबंध में उनके ऑडिटर को बुलाकर चर्चा की जाय एवं कार्यपरिषद् की आगामी बैठक में आमंत्रित किया जावे। इसके पूर्व अंकेक्षण आपत्ति एवं इससे संबंधित समस्त जानकारी का परीक्षण कार्यपरिषद सदस्य श्री नरेश चन्द्र गुप्ता से करा लिया जाए।

(4) मा. कार्यपरिषद् की उपरोक्त बैठक दिनांक 30.07.2016 में पारित किये गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में चाही गई जानकारी दो पृष्ठों में (संलग्न प्रपत्र–3) प्रस्तुत की जा रही है। (संलग्न प्रपत्र–3)

अतः प्रकरण माननीय कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

(55)

संलग्न क्रमांक-1

बैठक दिनांक 03.02.2016 का कार्यवाही विवरण

कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 30/07/2015 में लिये गये निर्णयानुसार जानकी प्रसाद शर्मा, निम्न वर्ग लिपिक (बर्खास्त), पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के माननीय कुलपति के समक्ष प्रस्तुत अपील दिनांक 27/02/2015 के सम्बन्ध में विचार–विमर्श के पश्चात् अपील की सुनवाई के सम्बन्ध में कार्यपरिषद के सदस्यों की गठित समिति की पूर्व निर्धारित **बैठक दिनांक 03/02/2016 को संचालक महाविद्यालय विकास परिषद के कक्ष में दोपहर 12:30 बजे आयोजित की गई।**

उक्त बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे हैं :–

1.	श्री सत्यनारायण शर्मा (माननीय विधायक एवं कार्यपरिषद सदस्य)	–	अध्यक्ष
2.	श्री शिवरतन शर्मा (माननीय विधायक एवं कार्यपरिषद सदस्य)	–	सदस्य
3.	श्री नवीन मारकण्डेय (माननीय विधायक एवं कार्यपरिषद सदस्य)	–	सदस्य
4.	डॉ. भगवंत सिंह (प्राध्यापक एवं कार्यपरिषद सदस्य)	–	सदस्य

समिति द्वारा अपील की सुनवाई के दौरान अपीलार्थी श्री जानकी प्रसाद शर्मा एवं उनके बचाव सहायक श्री हेमंत शर्मा की उपस्थिति में सुनवाई प्रारम्भ की गई। प्रशासन की ओर से श्री जीवन सिदार द्वारा समिति के समक्ष चाहे गये दस्तावेज प्रस्तुत किये गये।

श्री जानकी प्रसाद शर्मा के विरुद्ध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लगाये गये विभिन्न 15 अरोपों का समिति द्वारा सूक्ष्म परीक्षण किया गया एवं अपीलार्थी श्री जानकी प्रसाद शर्मा एवं उनके बचाव सहायक श्री हेमंत शर्मा को बचाव का अवसर देते हुये, आरोप के विभिन्न बिन्दुओं के सम्बन्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने को कहा। उनके द्वारा विभिन्न बिन्दुओं के सम्बन्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुये समिति के समक्ष विभिन्न दस्तावेज भी प्रस्तुत किये गये।

<u>सुनवाई के दौरान समिति के समक्ष निम्न तथ्य प्रकाश में आये</u> :–

1. अपीलार्थी श्री जानकी प्रसाद शर्मा द्वारा विकास विभाग में स्थानांतरण के पश्चात्, उन्हें सौंपे गये कार्य, बिना विधिवत चार्ज लिये एवं दिये, प्रारम्भ कर दिया गया था।
2. श्री जानकी प्रसाद शर्मा के विरुद्ध लगाये गये विभिन्न आरोपों में आरोप के बिन्दु क्रमांक 01 में यह भी उल्लेखित किया गया है कि – श्री शर्मा को विकास विभाग द्वारा विभिन्न फार्मों के विक्रय किये जाने हेतु सौंपे गये कार्यों को जिम्मेदारीपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वाह न करने बाबत्।

जबकि वास्तव में उन्हें विभिन्न फार्मों के वितरण का कार्य सौंपा गया था।

क्रमशः.....2

3. अपचारी कर्मचारी पर राशि रुपये 30,13,370/– के गबन का जो आरोप लगाया गया है। वह वास्तव में गबन इसलिये नहीं माना जा सकता क्योंकि उसके द्वारा फार्मों का विक्रय नहीं किया जाता था। बल्कि सम्बन्धित कर्मचारी द्वारा मांग के आधार पर रिकार्ड पंजी में हस्ताक्षर कराकर सीधे महाविद्यालय को फार्म उपलब्ध कराने के साथ–साथ कैश काउन्टर में जमा राशि के रसीद के आधार पर फार्मों का वितरण किया था। अतः इसे गबन न मानते हुये फार्मों के वितरण में पायी गयी कमी की राशि का नुकसान परिलक्षित होती है।

4. प्रकरण में की गई प्राथमिक जाँच के समय श्री जानकी प्रसाद शर्मा स्वयं उपस्थित थे एवं विकास विभाग में प्राथमिक जाँच के दौरान प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों पर उनके हस्ताक्षर भी पाये गये हैं। जाँच अधिकारी द्वारा प्राथमिक जाँच एवं उनसे सम्बन्धित उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों के आधार पर ही जाँच की कार्यवाही सम्पन्न की गई प्रतीत होती है।

5. प्रशासनिक विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया के तहत् ही प्रकरण में विभिन्न कार्यवाहियाँ एवं बर्खास्तगी की कार्यवाही सम्पन्न की गई।

6. समिति दस्तावेजों के अवलोकन के पश्चात्, अपीलार्थी द्वारा सुनवाई के दौरान प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर एवं प्रस्तुतकर्ता अधिकारी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर यह मानती है कि – अपीलार्थी श्री शर्मा के द्वारा अपने निर्धारित कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरती गयी है।

उपरोक्त प्रकरण में सुनवाई के उपरान्त सर्वसम्मति से समिति निम्नानुसार अनुशंसा करती है कि :–

1. अपीलार्थी श्री जानकी प्रसाद शर्मा द्वारा निःसन्देह अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरती गयी है। किन्तु उन पर लगाये गये राशि रुपये 30,13,370/– गबन का आरोप सही न होकर केवल फार्मों के वितरण में पायी गयी कमी देखने को मिलती हैं।

2. कर्तव्य के प्रति लापरवाही के लिये विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अपीलार्थी को बर्खास्तगी के रुप में दिया गया दण्ड कठोर प्रतीत होता है, जो उचित नहीं है। अतः विश्वविद्यालय प्रशासन उसके द्वारा की गई लापरवाही के सम्बन्ध में उनकी एक वेतनवृद्धि दो वर्ष तक रोकने का दण्ड दे सकता है।

3. समिति यह भी अनुशंसा करती है कि भविष्य में प्रत्येक वर्ष के अन्त में भण्डारण में रखे गये विभिन्न फार्मों का, विभागीय अधिकारी के माध्यम से सत्यापन कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

(श्री सत्यनारायण शर्मा)	(श्री शिवरतन शर्मा)	(श्री नवीन मारकण्डेय)	(डॉ. भगवंत सिंह)
अध्यक्ष	सदस्य	सदस्य	सदस्य

(57)

(संलग्न प्रपत्र -1)

(38)

कार्यपरिषद में रखे जाने हेतु संक्षेपिका

विषय :– कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 06.06.2016 में श्री जानकी प्रसाद शर्मा (बर्खास्त कर्मचारी) के प्रकरण के संबंध में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में जानकारी ।

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 06.06.2016 में पूरक विषय सूची क्रमांक 10 पर माननीय कार्यपरिषद ने संबंधित अवधि (2008–09, 2009–10, 2010–11 एवं 2011–12) में परीक्षार्थियों की संख्या, आवेदन पत्रों से प्राप्त शुल्क एवं आवेदन पत्रों के विक्रय संख्या से संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया है, जिसके परिपालन में चाही गई जानकारी वर्षवार निम्नानुसार प्रस्तुत है :—

परीक्षा आवेदन फार्म –

क्र.	विवरण	सत्र 2008–09
01.	परीक्षार्थियों की संख्या	1,64,469 छात्र
02.	मुद्रण फार्म संख्या	1,99,787 फार्म
03.	कुल विक्रय फार्म संख्या	1,86,988 फार्म
04.	विक्रय फार्म की राशि	रू. 55,02,907=00
05.	भण्डार में बचत फार्म संख्या –	12,799 फार्म (2009–10 में स्थानांतरित)

क्र.	विवरण	सत्र 2009–10
01.	परीक्षार्थियों की संख्या	1,74,366 छात्र
02.	मुद्रण फार्म संख्या – वर्ष 2008–09 का शेष फार्म –	2,49,750 फार्म + 12,799 फार्म
03.	कुल योग फार्म की संख्या	2,62,549 फार्म
04.	कुल विक्रय फार्म संख्या	2,35,985 फार्म
05.	विक्रय फार्म की राशि	1,24,98,503=00
06.	भंडार में बचना चाहिए –	26,564 फार्म
07.	किन्तु भण्डार में बचत फार्म संख्या –	14,595 फार्म
08.	भंडार में कम पाये गए फार्म की संख्या	11,969 फार्म

क्र.	विवरण	सत्र 2010–11
01.	परीक्षार्थियों की संख्या	2,02,583 छात्र
02.	मुद्रण फार्म संख्या	2,65,600 फार्म
03.	कुल विक्रय फार्म संख्या	2,30,282 फार्म
04.	विक्रय फार्म की राशि	2,18,03,652=00
05.	भंडार में बचना चाहिए –	35,318 फार्म
06.	किन्तु भण्डार में बचत फार्म संख्या –	22,057 फार्म
07.	भंडार में कम पाये गए फार्म की संख्या	13,2161 फार्म

क्र.	विवरण	सत्र 2011–12
01.	परीक्षार्थियों की संख्या	2,24,547 छात्र
02.	मुद्रण फार्म संख्या	3,00,000 फार्म
03.	कुल विक्रय फार्म संख्या	2,24,547 फार्म
04.	विक्रय फार्म की राशि	2,27,20,380=00
05.	भंडार में बचना चाहिए –	75,453 फार्म
06.	किन्तु भण्डार में बचत फार्म संख्या –	73,239 फार्म
07.	भंडार में कम पाये गए फार्म की संख्या	2,214 फार्म

अतः उपरोक्त जानकारी के साथ श्री जानकी प्रसाद शर्मा (बर्खास्त कर्मचारी) के प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत ।

26.7.16 My Document/E.C.Doc/71

(58)

सलग्न-3

कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 30.07.2016 में श्री जानकी प्रसाद शर्मा (बर्खास्त कर्मचारी) के प्रकरण के संबंध में लिए गये निर्णय के परिप्रेक्ष्य में जानकारी पर विचार करना ।

टीप : श्री जानकी प्रसाद शर्मा (बर्खास्त कर्मचारी) के प्रकरण पर निम्नलिखित जानकारी के साथ आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय :—

(1) सत्रवार प्रस्तुत जानकारी में बचे आवेदन पत्रों को उसमें Carried forward/Brought forward का उल्लेख करते हुए शामिल किया जाय ।

(2) वर्ष 2011—12 में जो जानकारी दी गई है, उसका पुनः परीक्षण आवश्यक है ।

(3) इस अवधि में स्टॉक वेरीफिकेशन की जानकारी भी दिया जाय ।

(4) प्रकरण पर स्थानीय निधि संपरीक्षा (लोकल फंड ऑडिट) द्वारा उल्लेखित आपत्ति के संबंध में उनके ऑडिटर को बुलाकर चर्चा की जाय एवं कार्यपरिषद् की आगामी बैठक में आमंत्रित किया जावे । इसके पूर्व अंकेक्षण आपत्ति एवं इससे संबंधित समस्त जानकारी का परीक्षण कार्यपरिषद् सदस्य श्री नरेश चन्द्र गुप्ता से करा लिया जाए ।

माननीय कार्यपरिषद् द्वारा उक्त बिन्दुवार चाही गई जानकारी निम्नानुसार है :—

01. :— सत्र 2009—10 में परीक्षा फार्म में किसी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन नहीं होने के कारण सत्र 2008—09 के बचत फार्म को सत्र 2009—10 में उपयोग किया गया जिसके कारण सत्र 2008—09 के बचत फ़ार्म को सत्र 2009—10 में Carried forward/Brought forward किया गया ।

सत्र 2010—11 में OMR शीट वाले आवेदन फार्म का मुद्रण कराया गया । सत्र 2010—11 के आवेदन फार्म में "सत्र 2011" मुद्रित होने के कारण तथा सत्र 2011—12 के फार्म में "सत्र 2012" मुद्रित होने के कारण सत्र 2011 के बचत फार्म को सत्र 2012 में उपयोग नहीं किया गया जिसके कारण से सत्र 2010—11 के बचत फार्म को सत्र 2011—12 में Carried forward/Brought forward नहीं किया गया ।

02. कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 30.07.2016 में प्रस्तुत वर्ष 2011—12 के परीक्षा फार्म के लेखा में सत्र 2012—13 के 73 फार्म गलती से सत्र 2011—12 में सम्मिलित होने के कारण कुल विक्रय फार्म संख्या 2,24,547 हो गई जिस कारण से सत्र 2011—12 की कुल छात्र संख्या 2,24,547 एवं विक्रय फार्म संख्या 2,24,547 समान पाई गई ।
सत्र 2012—13 के 73 फार्म को 2,24,547 में से घटाने पर 2,24,474 फ़ार्म सत्र 2011—12 में विक्रय होना पाया गया।

पूर्व पृष्ठ से आगे .....

पूर्व पृष्ठ के अनुक्रम में वर्ष 2011–12 के परीक्षा फार्म का लेखा निम्नानुसार है :–

वर्ष 2011–12 के लिए मुद्रित नियमित परीक्षा फार्म की संख्या – 1,25,000 फार्म
वर्ष 2011–12 के लिए मुद्रित प्राइवेट परीक्षा फार्म की संख्या – 1,75,000 फार्म

कुल मुद्रित परीक्षा फार्म की संख्या — – 3,00,000 फार्म

वर्ष 2011–12 के विक्रय फार्म का विवरण :—

क्र.	फार्म का प्रकार	विक्रय फार्म संख्या	विक्रय राशि
01	कालेजो द्वारा विक्रय किये गये नियमित परीक्षा फार्म	63,442	1,69,39,933=00
02	कालेजो द्वारा विक्रय किये गये प्राइवेट परीक्षा फार्म	1,04,666	
03	अ0शा0 द्वारा विक्रय नियमित एवं भूतपूर्व परीक्षा फार्म	706	70,600=00
04	प्रेक्षागृह द्वारा विक्रय किए गए प्राइवेट परीक्षा फार्म	8,231	8,23,100=00
05	जांच पश्चात् प्राप्त विक्रय फार्म की संख्या व राशि	47,429	48,61,447=00
06	योग	2,24,474	2,26,96,080=00

उपर्युक्त के पश्चात् फार्म मुद्रण, विक्रय एवं शेष का विवरण निम्नानुसार है :—

A. सत्र 2011–12 के लिए मुद्रित परीक्षा फार्म की संख्या – 3,00,000 फार्म
B. महा0, अ0शा एवं स्वागत कक्ष/प्रेक्षागृह से विक्रय किए गए फार्म की कुल संख्या – 2,24,474 फार्म
C. बचत फार्म संख्या – 75,527 फार्म
D. भण्डार में बचत पाये गए फार्म की संख्या – 73,239 फार्म
E. भण्डार में कम पाएं गए या अंतर फार्म की संख्या – 2,287 फार्म

03. सत्र 2007–08 तक के फार्म का आडिट आवासीय अंकेक्षण से कराया गया । कृपया अवगत हो कि सत्र 2008–09 से 2011–12 सत्र के फार्म के लेखा का स्टॉक वेरीफिकेशन तत्कालीक कार्य सहायक श्री जानकी प्रसाद शर्मा द्वारा नहीं कराया गया ।

60 26

अंकेक्षण प्रतिवेदन

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय

वित्तीय वर्ष – 2009–10

(प्रतिवेदन दो भाग में)

प्रथम भाग

(पृष्ठ क्र. – 01 से 201 तक)

उप संचालक

स्थानीय निधि संपरीक्षा

रायपुर (छ.ग.)

(3) विनियोग

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर वर्ष 2009–10 में किये गये विनियोग सावधि जमा राशि रू. 22,47,46,676.00 तथा सम्परीक्षा अवधि में किये गये भौतिक सत्यापन में 31मार्च 2014 की स्थिति में कुल विनियोग सावधि जमा राशि रू.107,35,79,171.00 का विवरण परिशिष्ट क्रमांक 03 एवं 04 में दर्शाया गया हैं इस संबंध में लेख हैं कि निर्धारित परिपक्वता तिथि में रोकीकृत किया जा कर प्राप्त ब्याज राषि रू. 105080622.00 की आय रोकड़ पुस्तिका में इन्द्राज कर अवगत करावें।

(4) प्रभक्षण वसूली योग्य राशि रू. 3013370.00

पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर वर्ष 2009–10 की संपरीक्षा में पाया गया कि विभिन्न मूल्य धारित आवेदन पत्रों के विक्रय से प्राप्त आय की विभागीय जांच हेतु विश्वविद्यालय सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक 2704/सा0प्रशा0/2012, रायपुर, दिनांक 19.07.2012 द्वारा डॉ0 जे0एल0 गंगवानी, उपकुलसचिव, (प्रशासन) को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। विभागीय जांच में राशि रू0 30,13,370.00 का प्रभक्षण पाया गया जिसकी वसूली के अभाव में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कुलसचिव के पत्र क्रमांक 1586/सा0प्रशा0/2014 रायपुर दिनांक 25.04.2014 एवं पत्र क्रमांक 2495/सा0प्रशा0/2014 रायपुर, दिनांक 16.06.2014 द्वारा थाना प्रभारी सरस्वती नगर, रायपुर (छ0ग0)को श्री जानकी प्रसाद शर्मा, निम्न वर्ग लिपिक द्वारा गबन किए जाने की जानकारी दी गई। गबन का विवरण निम्नानुसार है :—

(अ) विभिन्न मूल्य धारित आवेदन पत्रों के विक्रय राशि का प्रभक्षण राशि रू0 29,91,270.00

पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर वर्ष 2009–10 की संपरीक्षा में विकास विभाग द्वारा 14 मदों के मूल्य धारित विवरण पत्रिका, परीक्षा फार्म एवं अन्य प्रपत्र/फार्म आदि के प्रारंभिक स्कंध, वितरण एवं विक्रय संख्या, विक्रय दर, जमा राशि, कम जमा राशि, कम जमाकर्ता/प्रभक्षणकर्ता का नाम वर्षान्त में बचत स्कंध आदि की मांग अनेक पत्रों से की गई तथा स्थानीय निधि संपरीक्षा अधिनियम 1973 की धारा 6 (1) (क) पत्र क्रमांक/निगम/रविवि/2014–15/771–772 रायपुर दि0 28.08.2014 जारी किए जाने पर उपकुलसचिव (विकास) द्वारा पत्र क्रमांक 856/विकास/14 फार्मलेखा/2014 दि0 16.09.2014/17.09.2014 द्वारा जानकारी दी गई कि राशि रू0 29,91,270.00 श्री जानकी प्रसाद शर्मा द्वारा प्रभक्षण किया गया है। विभागीय जांच का विवरण अंकेक्षण में प्रस्तुत किया गया। अंकेक्षण की जांच में राशि रू0 29,91,270.00 को लेखे में लिया जाना नहीं पाया गया। वि0वि0 द्वारा उपरोक्त पत्र से दी गई जानकारी का विवरण निम्नानुसार है :—

	2011–12 OMR Sheet 2011-12	100000	35210	20/-	704200/-	64015	775	15500.00
					उक्त विवरणानुसार कमी पाये गये फार्मो की कुल राषि रू.—			29,91,270.00

उपरोक्तानुसार कुल रू0 29,91,270.00 (अक्षरी रू0 उन्तीस लाख इन्क्यान्बे हजार दो सौ सत्तर मात्र) श्री जानकी प्रसाद शर्मा द्वारा कम जमा किया जाना पाया गया । अर्थात् प्रभक्षण होना उपरोक्त संदर्भित पत्र कमांक 856/विकास/14फार्मलेखा/2014 दि0 16.09.2014/17.09.2014 एवं वित्त नियंत्रक के पत्र क0/1321/आडिट आपत्ति 09–10/वित्त/2014 दि0 10.11.2014 द्वारा अवगत कराया गया ।

उक्त अवधि में विकास विभाग में प्रभारी अधिकारी के रूप में डॉ0 डी0पी0 कुइति, डॉ0 निनाद बोधनकर, OSD (Dev) डॉ0 ए0के0 पाण्डे, OSD (Dev) एवं श्री अब्दुल वहाब, सहायक कुलसचिव पदस्थ रहे ।

इस अवधि में श्री के.एल. कश्यप, श्री एम.एल. निषाद, डॉ0 आर0के0 ब्रम्हे, श्री एन.एस. अकुर, डॉ0 आर.के. ब्रम्हें, श्री व्ही.के. खलको आदि वित्त नियंत्रक के दायित्व पर कार्यरत् रहे । विश्वविद्यालय विनियम कमांक 108 भाग 2 की कंडिका (03) के प्रावधान अनुसार विश्वविद्यालय को प्राप्त होने वाली आय से संबंधित दैनिक वसूली पंजी का लेखा वित्त विभाग एवं मुद्रणालय एवं भण्डार द्वारा रखा जाएगा और उसका भौतिक सत्यापन वित्त अधिकारी द्वारा आवश्यक रूप से प्रत्येक माह के अंत में किया जावेगा । जिसका पालन नहीं किया गया तथा विकास विभाग द्वारा लेखा वित्त अधिकारी के समक्ष सत्यापन हेतु प्रस्तुत किया जाना पंजी में उल्लेखित नहीं है ।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि विकास विभाग प्रभारी अधिकारी/सहायक कुल सचिव तथा वित्त अधिकारी/वित्त नियंत्रक द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया गया है । अतः प्रभक्षण/वसूली के लिए वे भी उत्तरदायी है ।

उपरोक्त के संबंध में लेख्य है कि :—

श्री जानकी प्रसाद शर्मा निम्न वर्ग लिपिक (सहायक ग्रेड 3) से या उत्तरदायी कर्मचारी/अधिकारी से राशि रू0 29,91,270.00 वसूली कर विश्वविद्यालय कोष में जमा से अवगत करावे तथा दोषी कर्मचारी एवं अधिकारियों के विरूद्व प्रशासनिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही बताई जावे ।

इस संबंध में पत्र कमांक/निगम/रविवि/2014–15/837–838–839 रायपुर, दिनांक 22.01.2014 द्वारा आपत्ति प्रसारित की गई ।

(ब) प्रमक्षण वसूली योग्य राशि रू0 22,100.00

उपकुलसचिव (विकास) के पत्र कमांक 856/विकास/14 फार्म लेखा/2014 दिनांक 16.09.
2014/17.09.2014 द्वारा राशि रू0 29,91,270.00 गबन की जानकारी दी गई, किन्तु कुलसचिव द्वारा पत्र
कमांक 1586/सा0प्रशा0/2014 रायपुर दिनांक 25.04.2014 एवं कमांक 2495/सा0प्रशा0/2014 रायपुर
दिनांक 16.06.2014 द्वारा राशि रू0 30,13,370.00 का गबन विभागीय जांच में प्रमाणित होना उल्लेखित किए
जाने से अंकेक्षण द्वारा पत्र कमांक/निगम/रविवि/2014–15/1026–1027–1028 रायपुर दिनांक 19.12.
2014 द्वारा अंतर की राशि रू0 22,100.00 के गबन का विवरण मांगे जाने पर कुलसचिव द्वारा पत्र कमांक
6888/सा0प्रशा0/14 रायपुर दिनांक 26.12.2014 एवं नोटशीट जावक कमांक 6031/सा0प्रशा0/15
दिनांक 01.01.2015 द्वारा श्री जानकी प्रसाद शर्मा द्वारा गबन के आरोपों का विवरण निम्नानुसार बताया
गया।

श्री जानकी प्रसाद शर्मा पर लगाये गए आरोप बिन्दु कमांक 12 में श्री जानकी प्रसाद शर्मा को
शासकीय महाविद्यालय, लवन द्वारा दिनांक 06.01.2011 को दी गई दो फार्म की राशि रू0 200.00
आरोप कमांक 14 में श्री जानकी प्रसाद शर्मा को रू0 10,000.00 वर्ष 2010 में अग्रिम दिया गया था जिसका
फर्जी देयक प्रस्तुत किया जाकर गबन किया एवं शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद कला एवं वाणिज्य
महाविद्यालय, बागबाहरा द्वारा 100 परीक्षा फार्म दिनांक 17.10.2012 को वापस श्री जानकी प्रसाद शर्मा को
दी गई थी जिसे उनके द्वारा फार्म की राशि रू0 10,000.00 विश्वविद्यालय कोष में जमा नहीं किया गया एवं
आरोप बिन्दु कमांक 15 में रावतपुरा सरकार संस्थान, कुम्हारी (दुर्ग) से 99 परीक्षा फार्म की राशि प्राप्त कर
कर 80 परीक्षा फार्म की राशि जमा की गई एवं शेष 19 फार्म की राशि रू0 1900.00 विश्वविद्यालय कोष में
जमा नहीं किया गया । इस तरह श्री जानकी प्रसाद शर्मा द्वारा राशि रू0 22,100.00 का गबन किया जाना
कुलसचिव द्वारा अवगत कराया गया ।

परीक्षा फार्मो के प्रदाय एवं मूल्य परीक्षा फार्म वितरण पंजी पृष्ठ कमांक 416, 354–96 एवं 218 में
दर्शित अनुसार मूल्यांकन किया गया । तदानुसार अंकेक्षण जांच में राशि रू. 22100.00 लेखे में लिया जाना
नहीं पाया गया ।

उपरोक्त के संबंध में लेख्य है कि :–

01. कंडिका (अ) की राशि रू0 29,91,270.00 एवं कंडिका (ब) की राशि रू0 22,100.00 कुल राशि रू.
30,13,370.00 श्री जानकी प्रसाद शर्मा निम्न वर्ग लिपिक (सहायक ग्रेड 3) से या उत्तरदायी
अधिकारियों एवं कर्मचारियों से वसूली कर विश्वविद्यालय कोष में जमा से अवगत करावें तथा

02. दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध की गई प्रशासनिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही बताई जावे ।

(5) दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का पारिश्रमिक का दोहरा भुगतान परीक्षण जॉच (Test Checking) में उदाहरणार्थ वसूली योग्य राशि रू. 24923.00

(क) पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर 2009–10 में कलेक्टर दर पर दैनिक वेतन पर कर्मचारियों को रखा गया है। इस कर्मचारियों को प्रथमतः उपस्थिति सह रविवार अवकाश को शामिल करते हुये मासिक देयक तैयार कर, मजदूरी का भुगतान किया गया। तत्पश्चात् पृथक से माह के रविवार के तिथियों का मजदूरी का देयक तैयार कर दोहरा भुगतान किया गया है। इस प्रकार रविवार के तिथियों की मजदूरी का दोहरा भुगतान गंभीर अनियमितता है। अतः प्रकरण की जांच कर दोहरे भुगतान की राषि रू. 24,923.00 उत्तरदायी पक्ष से वसूल कर विश्वविद्यालय कोष में जमा करें ।

(ख) इस प्रकार के दोहरे भुगतान के अन्य प्रकरणों की जांच अपेक्षित है । तद्नुसार **विभागीय जांच** कर गणना एवं वसूली कर भुगतान हेतु उत्तरदायी कर्मचारी/अधिकारी के विरूद्ध की गई प्रशासनिक कार्यवाही से अकेक्षण को अवगत कराया जावे।

परीक्षण जांच (Test Checking) में पाए गए उदाहरणार्थ राषि रू. 24930.00 का विवरण निम्नानुसार है:–

क्र0	पूर्व भुगतान विवरण प्रमाणक क्र0/दिनांक/राशि	माह	दोहरा भुगतान विवरण प्रमाणक क्र0/दिनांक/राशि	रविवार तिथि एवं माह	दोहरा भुगतान वसूली योग्य राशि
01.	02.	03.	04.	5.	6.
(अ) श्री बसंत दैनिक वेतन भोगी सामान्य मद					
1	2505/11.02.09/3305.00	जनवरी –09	37/17.04.09/1433.00	रविवार–4,11,18,25 जनवरी– 09	1433.00
2	2661/09.03.09/2974.00	फरवरी–09	37/17.04.09	रविवार– 01,08,15,22 फरवरी – 09	
3	81/24.04.09/3305.00	मार्च–09	37/17.04.09	रविवार–1–8,15,22,29 मार्च – 09	
4	309/21.05.09/3194.00	अप्रेल–09	307/31.05.9/441.00	रविवार – 05,12,19,26 अप्रेल09	441.00

(69)

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

कार्यपरिषद में रखे जाने हेतु कार्यालयीन टीप

विषयः- **श्री जानकी प्रसाद शर्मा (बर्खास्त), निम्न वर्ग लिपिक द्वारा प्रस्तुत अपील दिनांक 27.02.2015 पर कार्यपरिषद के द्वारा गठित उप समिति के द्वारा, सुनवाई के उपरांत प्रस्तुत अनुशंसा पर विचार करना।**

1. इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 524/सा.प्रशा./2015 दिनांक 12.02.2015 के द्वारा श्री जानकी प्रसाद शर्मा को विश्वविद्यालय की सेवा से बर्खास्त किया गया।
2. श्री शर्मा द्वारा कुलपति महोदय के समक्ष, दिनांक 27.02.2015 को अपील प्रस्तुत की गई।
3. कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 30.07.2015 में उनके द्वारा प्रस्तुत अपील दिनांक 27.02.2015 के संबंध में विचार-विमर्श पश्चात् अपील की सुनवाई के संबंध में कार्यपरिषद के 04 सदस्यों की समिति के गठन का निर्णय लिया गया ।
4. कार्यपरिषद के सदस्यों की गठित उप समिति के द्वारा, अपील पर सुनवाई हेतु आयोजित बैठक दिनांक 03.02.2016 के कार्यवृत्त में मुख्यतः निम्न अनुशंसाएं की गई हैं:-

(i) अपीलार्थी श्री जानकी प्रसाद शर्मा द्वारा निःसन्देह अपने कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही बरती गयी है। किन्तु उन पर लगाये गये राशि रूपये 30,13,370/- गबन का आरोप सही न होकर केवल फार्मों के वितरण में पायी गयी कमी देखने को मिलती है।

(ii) कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अपीलार्थी को बर्खास्तगी के रूप में दिया गया दण्ड कठोर प्रतीत होता है, जो उचित नहीं है। अतः विश्वविद्यालय प्रशासन उसके द्वारा की गई लापरवाही के सम्बन्ध में उनकी एक वेतनवृद्धि दो वर्ष तक रोकने का दण्ड दे सकता है।

(iii) समिति यह भी अनुशंसा करती है कि भविष्य में प्रत्येक वर्ष के अन्त में भण्डारण में रखे गये विभिन्न फार्मों का, विभागीय अधिकारी के माध्यम से सत्यापन कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। (उप समिति की अनुशंसा संलग्न है)

अतः प्रकरण माननीय कार्यपरिषद के समक्ष आगामी कार्यवाही हेतु विचारार्थ प्रस्तुत।

(66)

बैठक दिनांक 03.02.2016 का कार्यवाही विवरण

कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 30/07/2015 में लिये गये निर्णयानुसार जानकी प्रसाद शर्मा, निम्न वर्ग लिपिक (बर्खास्त), पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के माननीय कुलपति के समक्ष प्रस्तुत अपील दिनांक 27/02/2015 के सम्बन्ध में विचार–विमर्श के पश्चात् अपील की सुनवाई के सम्बन्ध में कार्यपरिषद के सदस्यों की गठित समिति की पूर्व निर्धारित **बैठक दिनांक 03/02/2016 को संचालक महाविद्यालय विकास परिषद के कक्ष में दोपहर 12:30 बजे आयोजित की गई।**

उक्त बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे हैं :–

1.	श्री सत्यनारायण शर्मा (माननीय विधायक एवं कार्यपरिषद सदस्य)	–	अध्यक्ष
2.	श्री शिवरतन शर्मा (माननीय विधायक एवं कार्यपरिषद सदस्य)	–	सदस्य
3.	श्री नवीन मारकण्डेय (माननीय विधायक एवं कार्यपरिषद सदस्य)	–	सदस्य
4.	डॉ. भगवंत सिंह (प्राध्यापक एवं कार्यपरिषद सदस्य)	–	सदस्य

समिति द्वारा अपील की सुनवाई के दौरान अपीलार्थी श्री जानकी प्रसाद शर्मा एवं उनके बचाव सहायक श्री हेमंत शर्मा की उपस्थिति में सुनवाई प्रारम्भ की गई। प्रशासन की ओर से श्री जीवन सिदार द्वारा समिति के समक्ष चाहे गये दस्तावेज प्रस्तुत किये गये।

श्री जानकी प्रसाद शर्मा के विरुद्ध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लगाये गये विभिन्न 15 अरोपों का समिति द्वारा सूक्ष्म परीक्षण किया गया एवं अपीलार्थी श्री जानकी प्रसाद शर्मा एवं उनके बचाव सहायक श्री हेमंत शर्मा को बचाव का अवसर देते हुये, आरोप के विभिन्न बिन्दुओं के सम्बन्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने को कहा। उनके द्वारा विभिन्न बिन्दुओं के सम्बन्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुये समिति के समक्ष विभिन्न दस्तावेज भी प्रस्तुत किये गये।

सुनवाई के दौरान समिति के समक्ष निम्न तथ्य प्रकाश में आये :–

1. अपीलार्थी श्री जानकी प्रसाद शर्मा द्वारा विकास विभाग में स्थानांतरण के पश्चात्, उन्हें सौंपे गये कार्य, बिना विधिवत चार्ज लिये एवं दिये, प्रारम्भ कर दिया गया था।
2. श्री जानकी प्रसाद शर्मा के विरुद्ध लगाये गये विभिन्न आरोपों में आरोप के बिन्दु क्रमांक 01 में यह भी उल्लेखित किया गया है कि – श्री शर्मा को विकास विभाग द्वारा विभिन्न फार्मों के **विक्रय** किये जाने हेतु सौंपे गये कार्यों को जिम्मेदारीपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वाह न करने बाबत्।

   जबकि वास्तव में उन्हें विभिन्न फार्मों के **वितरण** का कार्य सौंपा गया था।

क्रमशः.....2

3. अपचारी कर्मचारी पर राशि रुपये 30,13,370/– के गबन का जो आरोप लगाया गया है। वह वास्तव में गबन इसलिये नहीं माना जा सकता क्योंकि उसके द्वारा फार्मों का विक्रय नहीं किया जाता था। बल्कि सम्बन्धित कर्मचारी द्वारा मांग के आधार पर रिकार्ड पंजी में हस्ताक्षर कराकर सीधे महाविद्यालय को फार्म उपलब्ध कराने के साथ–साथ कैश काउन्टर में जमा राशि के रसीद के आधार पर फार्मों का वितरण किया था। अतः इसे गबन न मानते हुये फार्मों के वितरण में पायी गयी कमी की राशि का नुकसान परिलक्षित होती है।

4. प्रकरण में की गई प्राथमिक जाँच के समय श्री जानकी प्रसाद शर्मा स्वयं उपस्थित थे एवं विकास विभाग में प्राथमिक जाँच के दौरान प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों पर उनके हस्ताक्षर भी पाये गये हैं। जाँच अधिकारी द्वारा प्राथमिक जाँच एवं उनसे सम्बन्धित उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों के आधार पर ही जाँच की कार्यवाही सम्पन्न की गई प्रतीत होती है।

5. प्रशासनिक विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया के तहत् ही प्रकरण में विभिन्न कार्यवाहियाँ एवं बर्खास्तगी की कार्यवाही सम्पन्न की गई।

6. समिति दस्तावेजों के अवलोकन के पश्चात्, अपीलार्थी द्वारा सुनवाई के दौरान प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर एवं प्रस्तुतकर्ता अधिकारी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर यह मानती है कि – अपीलार्थी श्री शर्मा के द्वारा अपने निर्धारित कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरती गयी है।

उपरोक्त प्रकरण में सुनवाई के उपरान्त सर्वसम्मति से समिति निम्नानुसार अनुशंसा करती है कि :–

1. अपीलार्थी श्री जानकी प्रसाद शर्मा द्वारा निःसन्देह अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरती गयी है। किन्तु उन पर लगाये गये राशि रुपये 30,13,370/– गबन का आरोप सही न होकर केवल फार्मों के वितरण में पायी गयी कमी देखने को मिलती है।

2. कर्तव्य के प्रति लापरवाही के लिये विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अपीलार्थी को बर्खास्तगी के रुप में दिया गया दण्ड कठोर प्रतीत होता है, जो उचित नहीं है। अतः विश्वविद्यालय प्रशासन उसके द्वारा की गई लापरवाही के सम्बन्ध में उनकी एक वेतनवृद्धि दो वर्ष तक रोकने का दण्ड दे सकता है।

3. समिति यह भी अनुशंसा करती है कि भविष्य में प्रत्येक वर्ष के अन्त में भण्डारण में रखे गये विभिन्न फार्मों का, विभागीय अधिकारी के माध्यम से सत्यापन कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

(श्री सत्यनारायण शर्मा)	(श्री शिवरतन शर्मा)	(श्री नवीन मारकण्डेय)	(डॉ. भगवंत सिंह)
अध्यक्ष	सदस्य	सदस्य	सदस्य

(68)

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

माननीय कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ रखे जाने हेतु कार्यालयीन टीप

विषयः- **विश्वविद्यालय परिसर स्थित मां बंजारी देवी मंदिर के व्यवस्थित संचालन हेतु- मां बंजारी देवी मंदिर ट्रस्ट समिति के गठन बाबत्।**

विश्वविद्यालय की माननीय कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 04.10.2005 के विषय क्रमांक 6 में लिये गये निर्णय के परिप्रेक्ष्य में, विश्वविद्यालय परिसर में स्थित मां बंजारी देवी मंदिर में स्थापित विभिन्न देवी देवताओं की विधिवत पूजा अर्चना सुनिश्चित करने बाबत मां बंजारी देवी मंदिर ट्रस्ट समिति का गठन किया जाना प्रस्तावित है।

साथ ही मंदिर के संचालन हेतु ट्रस्ट समिति का पंजीयन- पंजीयक, लोक न्यास, जिला रायपुर (छ.ग.) से कराया जाना प्रस्तावित है, ताकि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की भावनाओं के अनुरूप मंदिर में व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

मंदिर को आंबटित की जाने वाली भूमि का स्वामित्व विश्वविद्यालय का रहेगा।

इस संबंध में प्रस्तावित **न्यास विलेख एवं नियमावली** संलग्न कर निर्णय लिये जाने हेतु माननीय कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

(69)

न्यास विलेख

माँ बंजारी देवी ट्रस्ट समिति,

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर, रायपुर ४९२०१० छत्तीसगढ़

१. नाम एवं पता

a. नाम: इस सार्वजनिक ट्रस्ट का नाम माँ बंजारी देवी ट्रस्ट समिति होगा.

b. कार्यालय: इसका स्थायी कार्यालय माँ बंजारी देवी मंदिर परिसर, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर, रायपुर होगा.

c. स्थायी पता: माँ बंजारी देवी मंदिर परिसर, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर, रायपुर ४९२०१० छत्तीसगढ़ होगा.

२. कार्य एवं उद्देश्य

अ. विश्वविद्यालय परिसर स्थित माँ बंजारी देवी की नियमित पूजा अर्चना करना एवं मंदिर परिसर में स्तिथ अन्य मंदिरों प्रतिष्ठित मूर्तियों कि नियमित पूजा अर्चना करना;

ब. माँ बंजारी देवी मंदिर परिसर में स्थित समस्त मंदिरों एवं भवनों के भूमि तथा चल अचल संपत्ति की व्यवस्था करना

स. मंदिर के संचालन के लिए नियमित चंदा, नैम्मितिक दान, भेट आदि स्वीकार करना

द. मंदिर परिसर एवं आसपास में पर्यावरणीय विकास एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

इ. पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सहयोग से माँ बाजारी देवी के प्रति जनसामान्य की आस्था सुदृढ़ करने हेतु धार्मिक आयोजन का सञ्चालन करना.

३. सदस्यता

a. यह न्यासी समिति माँ बंजारी देवी मंदिर न्यास की स्थायी संरक्षक समिति के रूप में कार्य करेगी.

b. न्यासी समिति के चार (०४) सदस्य पदेन एवं सात (०७) सदस्य नामांकित होंगे.

c. न्यास समिति के सदस्यों की कुल संख्या ग्यारह (११) होगी, जिसका विवरण निम्म्नानुसार है:

i. अध्यक्ष, विश्वविद्यालय के कुलपति ट्रस्ट के पदेन अध्यक्ष होंगे

ii. उपाध्यक्ष, विश्वविद्यालय के रेक्टर या विश्वविद्यालय कार्यपरिषद द्वारा मनोनीत एक सदस्य

iii. सचिव, विश्वविद्यालय के कुलसचिव ट्रस्ट के पदेन सचिव होंगे

iv. सह-सचिव, विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव (सामान्य प्रशासन) पदेन सह-सचिव होंगे

v. कोषाध्यक्ष, विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक पदेन कोषाध्यक्ष होंगे

vi. सदस्य, सदस्यों की कुल संख्या (६) होगी. इसमें दो (२) सदस्य शिक्षक समुदाय से, दो (२) सदस्य कर्मचारी समुदाय से एवं दो (२) सदस्य वर्तमान/पूर्व छात्रों से पूर्ण होगी. उपरोक्त छह (०६) सदस्यों का मनोनयन माननीय कुलपति, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा किया जावेगा.

vii. सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े ०३ सदस्यों को भी न्यास समिति द्वारा सहमति होने पर शामिल किया जा सकेगा.

४. माँ बंजारी देवी की पूजा एवं धार्मिक प्रयोजन हेतु आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय से सहयोग प्राप्त करना (वर्तमान में आबंटित भूमि एवं भविष्य में विकास हेतु प्राप्त की जाने वाली भूमि का स्वामित्व विश्वविद्यालय का होगा)
५. दान, भेट, चंदा इत्यादि से राशि प्रप्त करना
६. माँ बंजारी देवी मंदिर के हित में आवश्यक एवं उपयुक्त निर्णय लेना. इस हेतु प्रत्येक तीन माह में न्यासी समिति की बैठक का आयोजन करना
७. समस्त वैधानिक, सामाजिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय लेखा संधारण के लिए आवश्यक निर्णय लेना तथा कार्यों का संपादन करना

कोरम : प्रबंध कारिणी समिति का कोरम छह (०६) सदस्यों के उपस्तिथि में पूर्ण होगा. गणपूर्ति के अभाव में बैठक एक घंटे स्थगित कर पुनः बैठक उसी स्थान पर शुरू की जा सकेगी.

८. न्यासी समिति की सामान्य सभा

प्रबंध कारिणी समिति के पदाधिकारियों के द्वारा लिए गए समस्त अधिकारों के अनुरूप लिए गए निर्णयों पर कार्यवाही के पूर्व विचार करने हेतु एवं भविष्य की योजनायों के लिए सामान्य सभा की बैठक आहूत की जाएगी.

१. प्रबंध कारिणी समिति के पदाधिकारियों के अधिकार के अनुरूप लिए गए निर्णयों का अनुमोदन करना एवं व्याख्या करना
२. वित्तीय वर्ष के आधार पर, वार्षिक आय-व्यय के ब्यौरे को स्वीकृती प्रदान करना
३. चल अचल संपत्ति का अर्जन, निर्माण, विनियोजन एवं परिवर्तन आदि को स्वीकृती प्रदान करना
४. समस्त वार्षिक आय-व्यय ब्यौरे को स्वीकृति प्रदान करना.
५. माँ बंजारी देवी की पूजा एवं धार्मिक प्रयोजन हेतु आवश्यकतानुसार विश्वविद्यालय से सहयोग प्राप्त करने हेतु प्रयास करना
६. दान, भेट, चंदा इत्यादि से प्राप्त राशि की जानकारी प्राप्त करना
७. माँ बंजारी देवी मंदिर के हित में आवश्यक एवं उपयुक्त निर्णय लेना.
८. समस्त वैधानिक, सामाजिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय लेखा संधारण के लिए आवश्यक निर्णय लेना.
९. समिति के २/३ सदस्यों (सात सदस्य) के हस्ताक्षर पर किसी विशेष विषय पर बैठक बुलाने की मांग किये जाने पर एक माह के अन्दर सामान्य सभा की बैठात बुलाई जाएगी
१०. आठ (०८) सदस्यों की उपस्थिति से कोरम पूर्ण होगा. गणपूर्ति के आभाव में बैठक एक घंटे स्थगित कर पुनः बैठक उसी स्थान पर शुरू की जा सकेगी.

९. <u>पदाधिकारियों के अधिकार एवं कर्तव्य</u> :

१. <u>अध्यक्ष के अधिकार एवं कर्तव्य:</u>

अ. न्यासी समिति की सामान्य सभा एवं प्रबंध कारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे
ब. न्यासी समिति की सामान्य सभा एवं प्रबंध कारिणी समिति की बैठक आहूत करने हेतु सचिव को निर्देश देना
स. विशेष धार्मिक कार्यक्रम या अन्य कार्यक्रम हेतु आकस्मिक व्यय की आवश्यकता पड़ने पर उचित राशि की स्वीकृति प्रदान करना

२. उपाध्यक्ष के अधिकार एवं कर्तव्य:

अ. अध्यक्ष द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अनुरूप कार्य करना

ब. अध्यक्ष की अनुपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता करना

३. सचिव के अधिकार एवं कर्तव्य:

अ. अध्यक्ष के निर्देशानुसार न्यासी समिति सामान्य सभा एवं प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित करना

ब. न्यासी समिति सामान्य सभा एवं प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों को कार्यवाही पंजी में लिपिबद्ध करना एवं क्रियान्वन करना

स. रु. दस हजार (रु. १०,०००/=) तक की आकस्मिक व्यय की राशि की स्वीकृति प्रदान करना

४. सहसचिव के अधिकार एवं कर्तव्य:

अ. सचिव द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अनुरूप कार्य करना

ब. सचिव की अनुपस्थिति में बैठक का सचिव के रूप में सञ्चालन करना

५. कोषाध्यक्ष के अधिकार एवं कर्तव्य:

अ. माँ बंजारी देवी के कोष को बैंक में रखना

ब. प्रबंधकारिणी के अध्यक्ष एवं सचिव के निर्देशानुसार कोष का सञ्चालन करना

स. आय-व्यय का विवरण (कैशबुक, लेजेर एवं व्हाउचर आदि) संधारित करना

द. वार्षिक बजट तैयार करना, अंकेक्षण कार्य पूर्ण करना एवं सामान्य सभा तथा प्रबंधकारिणी के समक्ष प्रस्तुत करना

९ (अ) मंदिर का प्रबंधन

मंदिर के कुशल प्रबंधन एवं सञ्चालन का दायित्व प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं सचिव का होगा। मंदिर की प्रचलित व्यवस्था में परिवर्तन न्यास समिति के अनुमोदन के उपरांत ही किया जा सकेगा।

१०. संशोधन

माँ बाजारी देवी मंदिर ट्रस्ट समिति के नियमावली में संशोधन सामान्य सभा के २/३ सदयों (०७) के द्वारा प्रस्ताव के पक्ष में मत देने पर किया जा सकेगा. यह संशोधन पंजीयक लोक न्यास रायपुर के स्वीकृति के पश्च्यात ही लागू होगा.

	हस्ताक्षर	नाम	पता
१. अध्यक्ष माँ बंजारी देवी मंदिर ट्रस्ट, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर, रायपुर			
२.			
३.			
४.			

(73)

प्रारूप ३

नियम ४ (२)

ट्रस्ट पंजीयन हेतु आवेदन पत्र

सेवा में,

पंजीयक, लोक न्यास
जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

लोक न्यास के मामले में न्यास का पूरा नाम और पता----माँ बंजारी देवी मंदिर ट्रस्ट समिति, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर, रायपुर, जिला रायपुर - ४९२०१० छत्तीसगढ़, होगा.

१. मैं/हम, माँ बंजारी देवी मंदिर ट्रस्ट समिति, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर, रायपुर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-४९२०१० उपरोक्त वर्णित न्यास के न्यासी/न्यासिगण, एतद् द्वारा छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम, १९५१ (१९५१ का ३०) की धारा ४ के अंतर्गत, कथित लोक न्यास के पंजीकरण के लिए आवेदन करते है.

२. मैं/हम निम्म्नालिखित आवश्यक विवरण प्रस्तुत करते है -

1. <u>न्यास का पूरा नाम एवं पता,</u> लोक न्यास का उद्गम, प्रकृति और उददेशय-

न्यास का नाम और पता, माँ बंजारी देवी मंदिर ट्रस्ट समिति, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़ ४९२०१०, होगा.

<u>लोक न्यास का उद्गम:</u> पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् की बैठक मंगलवार दिनांक ४.१०.२००५ के कार्य वृत्त विषय क्रमांक ६ के अनुसार, विश्वविद्यालय परिसर में स्थित बंजारी मंदिर के सम्बन्ध में प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की माँ बंजारी देवी मंदिर ट्रस्ट समिति का निर्माण कर मंदिर का सञ्चालन किया जावे.

<u>प्रकृति और उद्देश्य:</u> यह की माँ बंजारी देवी मंदिर ट्रस्ट समिति का निर्माण, मंदिर परिसर के रख रखाव एवं विकास हेतु आवश्यक व्यवस्था करना | इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आबंटित भूमि पर पूर्ण स्वामित्व पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का होगा.

अ. विश्वविद्यालय परिसर स्थित माँ बंजारी देवी की नियमित पूजा अर्चना करना एवं मंदिर परिसर में स्थित अन्य मंदिरों में प्रतिष्ठित मूर्तियों की नियमित पूजा अर्चना करना;

ब. माँ बंजारी देवी मंदिर परिसर में स्थित समस्त मंदिरों एवं भवनों के भूमि तथा चल अचल संपत्ति की व्यवस्था करना

स. मंदिर के संचालन के लिए नियमित चंदा, नैम्मितिक दान, भेट आदि स्वीकार करना

द. मंदिर परिसर एवं आसपास में पर्यावरणीय विकास एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

इ. पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सहयोग से माँ बाजारी देवी के प्रति जनसामान्य की आस्था सुनिश्चित करने हेतु धार्मिक आयोजन का सञ्चालन करना.

2. <u>वह स्थान</u> जहाँ लोक न्यास का प्रधान कार्यालय या कारोबार का प्रधान स्थान स्थित है-माँ बंजारी देवी मंदिर परिसर, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर, रायपुर, ४९२०१०, छत्तीसगढ़

3. कार्यकारी न्यासी और प्रबंधक के नाम, पते सहित-इस ट्रस्ट समिति के कार्यकारी सदस्यों की कुल संख्या ग्यारह (११) होगी, जिसका विवरण निम्म्नानुसार है:

   i. अध्यक्ष, विश्वविद्यालय के कुलपति ट्रस्ट के पदेन अध्यक्ष होंगे
   ii. उपाध्यक्ष, विश्वविद्यालय के रेक्टर/विश्वविद्यालय कार्यपरिषद द्वारा मनोनीत एक सदस्य
   iii. सचिव, विश्वविद्यालय के कुलसचिव ट्रस्ट के पदेन सचिव होंगे
   iv. सह-सचिव, विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव (सामान्य प्रशासन) पदेन सह-सचिव होंगे
   v. कोषाध्यक्ष, विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक पदेन कोषाध्यक्ष होंगे

(74)

vi. सदस्य, सदस्यों की कुल संख्या छह (७) होगी. इसमें दो (२) सदस्य शिक्षक समुदाय से, दो (२) सदस्य कर्मचारी समुदाय से एवं दो (२) सदस्य वर्तमान/पूर्व छात्रों से पूर्ण होगी. उपरोक्त छह (०६) सदस्यों का मनोनयन माननीय कुलपति, पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी.

4. न्यासधारी या प्रबंधक के उत्तराधिकार की रीति- इस ट्रस्ट समिति के पदेन सदस्यों का कार्यकाल, पद के कारण, निश्चित अवधि का नहीं होगा. परन्तु सभी मनोनीत सदस्यों का कार्यकाल मनोनयन की तिथि से तीन (३) साल का होगा. मनोनीत सदस्य के स्थान रिक्ति होने की स्थिति में उपरोक्त नियमानुसार उसी वर्ग से पूर्ति की जावेगी.
5. न्यास सृजित करने वाले दस्तावेजो के ब्यौरे (प्रतिलिपियाँ संलग्न) -
6. न्यास के सम्बन्ध में यदि कोई स्कीम हो, तो उसके ब्यौरे (प्रतिलिपियाँ संलग्न) -
7. चल संपत्ति, ऐसी संपत्ति के प्रत्येक वर्ग के प्राक्कलित मूल्य के साथ टिप्पणी
8. क) अचल संपत्ति के ब्यौरे ग्राम या क़स्बा जहाँ यह अवस्थित है, दर्शित करते हुए नगर पालिका या भूमि या खसरा क्रमांक निर्धारण और अवधी के विवरण समेत जिस पर धारित हो (संपत्तियों के सम्बन्ध में अधिकारी अभिलेख या नगर पालिका अभिलेख की प्रविष्टियों की प्रमाणित प्रतिलिपियाँ संलग्न)
   ख) विशेषज्ञ की मूल्यांकन रिपोर्ट द्वारा संलग्न प्रयतेक अचल संपत्ति का प्राक्कलित मूल्य
9. न्यास के आय के श्रोत
   i. नियमित चंदा
   ii. नैम्मितिक दान
   iii. भेट
   iv. विश्वविद्यालय का सहयोग
10. औसत सकल वार्षिक आय
11. औसत वार्षिक व्यय
   i. न्यासियों और प्रबंधक के बैठकों पर
   ii. स्थापना और कर्मचारी वृन्द पर
   iii. धार्मिक उददेशय पर
   iv. पुर्त उद्देश्यों पर
   v. विविध मदों पर
   vi. पूजा अर्चना हेतु एक पंडित एवं अन्य कर्मचारिओं को प्रति माह दिए जाने वाले निर्धारित मानदेय
12. न्यास संपत्ति के विल्लंगम के ब्यौरे, यदि कोई हो
13. न्यास संपत्ति से सम्बंधित हक - विलेखों के ब्यौरे और इनके अधिपत्य में होने वाले न्यासियों के नाम संलग्नित
14. वित्तीय वर्ष में सामान्य बजट

३.

४.

५. टिप्पणी, यदि कोई हो रूपये _____ शुल्क संलग्न है

६. न्यासी अथवा प्रबंधक को न्यास के सम्बन्ध में कोई भी स.सूचना निम्म्नानुसार पते पर भेजी जा सकती है

७. नाम

पता

मैं/हम घोषित करते है की उपरोक्त वर्णित न्यास के सम्बन्ध में पूर्व में कोई आवेदन किसी अन्य पंजीयक के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आवेदक/आवेदक गण के हस्ताक्षर

(75)

सत्यापन

प्रमाणित किया गया है की पद ---------- की अंतर्वस्तु मेरे/ हमारे निजी ज्ञान से सत्य है और पद _____ की अंतर्वस्तु प्राप्त और सत्य होने का बिश्वास की गयी जानकारी पर आधारित होने से सत्य है.

दिनांक ____ २०१७ को रायपुर में हस्ताक्षरित किया गया

आवेदक/आवेदक गण के हस्ताक्षर

	हस्ताक्षर	नाम	पता
१.			
२.			
३.			
४.			
५.			
६.			
७.			
८.			
९.			
१०.			
११.			

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

(76)

माननीय कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ रखे जाने हेतु कार्यालयीन टीप

विषयः- **विश्वविद्यालय के प्राक्टोरियल बोर्ड के गठन बाबत्।**

विश्वविद्यालय परिसर में अनुशासनहीनता से संबंधित होने वाली विभिन्न घटनाओं/विषयों के संबंध में संबंधितों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने का उत्तरदायित्व प्राक्टर का है।

विश्वविद्यालय के **अध्यादेश क्रमांक 77 A** की कंडिका 4 के प्रावधानानुसार विश्वविद्यालय की माननीय कार्यपरिषद द्वारा प्राक्टोरियल बोर्ड का गठन किया जाना है, जिसमें प्राक्टर एवं कुछ संयुक्त प्राक्टर को शामिल किया जाना है।

उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय में गठित किये जाने वाले **प्राक्टोरियल बोर्ड** में विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को शामिल किये जाने बाबत् निर्णय हेतु, प्रकरण माननीय कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।